शाखा लाइसेंसीकरण पर मास्टर परिपत्र - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

<u>विषय-सूची</u>

1.	**विधिक (कानूनी) अपेक्षाएँ**
1.1	**शाखा लाइसेंसीकरण पर सामान्य नीति**
1.2	**नई शाखाएँ खोलने हेतु शर्तें**
1.3	**शाखा लाइसेंसीकरण नीति में छूट**
2.	**शाखाएँ /क्षेत्रीय कार्यालय खोलना**
2.1	**ग्रामीण/अर्ध शहरी/शहरी और महानगरीय केन्द्रों में शाखाएं**
2.2	**सेवा शाखा**
2.3	**क्षेत्रीय कार्यालय**
2.4	**प्राधिकारों और लाइसेंसों की वैधता**
2.5	**राज्य / केन्द्र सरकार के कारोबार करने हेतु अपेक्षाएं**
3	**शाखाओं का स्थान बदलना**
3.1	**ग्रामीण केन्द्रों पर**
3.2	**अर्ध शहरी केन्द्रों पर**
3.3	**शहरी / महानगरीय केन्द्रों पर**
3.4	**प्रक्रियागत सरलीकरण**
4.	**स्वयंपूर्ण शाखाओं का अनुषंगी/चलते-फिरते कार्यालयों में परिवर्तन**
4.1	**अनुषंगी (सेटेलाइट) कार्यालय**
4.2	**चलते-फिरते कार्यालय**
5.	**घाटे में चल रही शाखाओं का विलयन**
6.	**विस्तार काउन्टर खोलना**
7.	**विस्तार कांउटरों को पूर्ण शाखा के रूप में उन्नत करना**
8.	**स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम)**
9.	**अत्यंत लघु शाखाएं**
10.	**केन्द्रों का वर्गीकरण / पुनः वर्गीकरण**
11.	**शाखा बैंकिंग के संबंध में विवरणियाँ प्रस्तुत करना**
12.	**अनुबंध I**
13.	**अनुबंध II**
14.	**अनुबंध III**
15.	**अनुबंध IV**
16.	**अनुबंध V**
17.	**परिशिष्ट**

शाखा लाइसेंसीकरण पर मास्टर परिपत्र - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)

1. <u>विधिक (कानूनी) अपेक्षाएँ</u>

बैंकों द्वारा शाखाएं खोलने का कार्य बैंककारी विनियमन अधिनियम , 1949 की धारा 23 के उपबंधों से शासित है । इन उपबंधों के अनुसार, बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना भारत में अथवा विदेश में कारोबार का नया स्थान नहीं खोल सकते हैं और न ही कारोबार के मौजूदा स्थान को उसी शहर, कस्बे या गांव को छोड़कर अन्यत्र ले जा सकते हैं । **इस प्रकार शाखाएं / कार्यालय खोलने से पहले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन/लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है ।**

1.1 <u>शाखा लाइसेंसीकरण संबंधी सामान्य नीति</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के निदेशक मंडल से अपेक्षा की जाती है कि वे वार्षिक कारोबार योजना एवं नये केन्द्रों पर (शाखाएं खोलने के लिए) कारोबार की संभावनाओं, प्रस्तावित शाखाओं की लाभप्रदता, जिन मामलों में अतिरिक्त स्टाफ पहचाना गया हो वहां उसके पुनर्नियोजन और बैंक के ग्राहकों को तत्परता से और कम खर्चीली ग्राहक सेवा प्रदान करने जैसी बातों को ध्यान में रखते हुए नयी शाखाएं खोलने के लिए नीति और कार्य योजना बनायें ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाएँ / कार्यालय इत्यादि खोलने / विलयन / स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन करने से पहले अपने निदेशक मंडल का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए ।शाखाएं खोलने / उनका स्थान बदलने और उनके विलय का प्रस्ताव बैंककारी कंपनी नियम, 1949 (अनुबंध- I) के फार्म VI (नियम 12) में निर्धारित आवेदन के साथ नाबार्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करने होंगे जिसकी अग्रिम प्रति रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को देनी होगी । रिज़र्व बैंक द्वारा उसके क्षेत्रीय कार्यालय में गठित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों हेतु अधिकार प्राप्त समितियाँ (ईसी) ऐसे आवेदनों पर चर्चा करके अपनी सिफारिशें देंगी । रिज़र्व बैंक अधिकारप्राप्त समितियों की सिफारिशों पर विचार करेगा और ऐसे आवेदनों का शीघ्र निपटान करेगा ।

प्रायोजक बैंक के अलग से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है । साथ ही, जिला परामर्शदात्री समिति के उप समूह का अनुमोदन भी नई शाखाएँ खोलने के लिए आवश्यक नहीं होगा । तथापि, शाखाओं के स्थान परिवर्तन / विलयन / परिवर्तन के लिए जिला परामर्शदात्री समिति के उप समूह के अनुमोदन की आवश्यकता होगी ।

टीयर I और टीयर II केंद्रों में नयी शाखाएं खोलने संबंधी आरआरबी के प्रस्तावों पर रिज़र्व बैंक आरआरबी की समग्र वित्तीय स्थिति, उसके प्रबंधन की गुणवत्ता, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की दक्षता, लाभप्रदता तथा अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए एक अत्यंत चयनात्मक आधार पर विचार करेगा।

1.2 <u>नई शाखाएं खोलने की शर्तें</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को नई शाखाएँ खोलने के लिए पात्रता हेतु निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी :-

i) सांविधिक चलनिधि अनुपात और प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात बनाए रखने में पिछले दो वर्षों में चूक नहीं की गई हो ।
ii) परिचालनगत लाभ अर्जित किए जा रहे हो।
iii) उसकी निवल संपत्ति में सुधार हुआ हो तथा
iv) उसका निवल एनपीए अनुपात 8 प्रतिशत से अधिक न हो।

1.3 <u>शाखा लाइसेंसीकरण नीति में छूट</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को टियर 3 से टियर 6 केंद्रों (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 49,999 तक जनसंख्या वाले) में प्रत्येक मामले में भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति लेने की आवश्यकता के बिना शाखाएं खोलने की अनुमति है परंतु शर्त यह है कि वे अद्यतन निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित शर्तें पूरी करते हों :

i) उनका सीआरएआर कम से कम 9 प्रतिशत हो
ii) उनकी निवल अनर्जक आस्तियाँ 5 प्रतिशत से कम हों
iii) पिछले वर्ष सीआरआर / एसएलआर में कोई चूक नहीं हुई हो
iv) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान निवल लाभ हुआ हो
v) सीबीएस का अनुपालन करता हो

टीयर 3 से टीयर 6 तक के केंद्रों में शाखाएं खोलने के लिए पात्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ऐसा रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना कर सकते हैं और वे कार्योत्तर स्वतः लाइसेंस जारी किये जाने के लिए रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उक्त लाइसेंस ग्राहकों / जनता के मन में उनके प्रति विश्वास जगाने के लिए कि उक्त बैंक शाखा बैंकिंग कारोबार करने के लिए प्राधिकृत है, की दृष्टि से उनकी सूचना के लिए इस प्रकार से खोली गई शाखाओं के परिसर में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। इस प्रकार खोली गयी शाखाओं के ब्यौरे निर्धारित फार्मेट (अनुबंध V) में रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित किए जाएं।

2. <u>शाखाएं /क्षेत्रीय कार्यालय खोलना</u>

2.1 <u>ग्रामीण / अर्ध शहरी / शहरी और महानगरीय केन्द्रों में शाखाएँ</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रस्तावित शाखाओं में कारोबार की संभावनाओं और लाभप्रदता के आधार पर शाखाएं खोलने के लिए ग्रामीण केन्द्रों (दस हजार तक जनसंख्या), अर्ध शहरी केन्द्रों (दस हजार से अधिक किन्तु एक लाख तक जनसंख्या) शहरी केन्द्रों (एक लाख से अधिक किन्तु 10 लाख तक जनसंख्या) और महानगरीय केन्द्रों (10 लाख से अधिक की जनसंख्या) की पहचान कर सकते हैं ।

टिप्पणी : ऊपर उल्लिखित जनसंख्या का मानदंड केन्द्र (राजस्व इकाई आधार होगा, न कि अवस्थिति) की जनगणना के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार होगा ।

2.2 <u>सेवा शाखा</u>

डाटा प्रोसेसिंग, दस्तावेजों का सत्यापन और उनकी प्रोसेसिंग, चेक बुक, मांग ड्राफ्ट आदि जारी करना जैसे केवल बैंक ऑफिस कार्य तथा उनके बैंकिंग कारोबार से अनुषंगिक कार्य करने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सेवा शाखाएं / केन्द्रीय प्रोसेसिंग केंद्र (सीपीपी) / बैक ऑफिस स्थापित करने की अनुमति दी जाए । ये शाखाएं ग्राहकों से रुबरु नहीं होगी और इन्हें सामान्य बैंकिंग शाखाओं में परिवर्तित होने की अनुमति नहीं होगी । इन शाखाओं को किसी शाखा के समान मान जाएगा और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरपीसीडी) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना होगा ।

2.3 <u>क्षेत्रीय कार्यालय</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (दोनों समामेलित तथा एकल) को हर 50 शाखाओं के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की अनुमति दी जाएगी। 50 शाखाओं वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बिना किसी मध्यवर्ती टियर के प्रधान कार्यालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण में रहेंगे। उन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मामले की जांच अधिकार- प्राप्त समिति द्वारा की जायेगी तथा वे केंद्रीय कार्यालय, ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग को विचारार्थ प्रस्तुत किए जाएंगे जिसमें भौगोलिक / अन्य परिस्थितियों के कारण एक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कवर की जानेवाली शाखाओं की संख्या के संबंध में उपर्युक्त मानदंड में छूट की आवश्यकता हो।

क्षेत्रीय कार्यालयों को बैंकिंग कारोबार करने की अनुमति नहीं है। तथापि, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसा कार्यालय खोलने से पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त कर लें । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के बिना स्वविवेक से इन कार्यालयों का स्थान परिवर्तन कर सकते हैं अथवा इन्हें बन्द कर सकते हैं / इनका समामेलन कर सकते हैं । लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) को लाइसेंस शीघ्रातिशीघ्र , लेकिन स्थान परिवर्तन की तारीख से 3 माह के भीतर, प्रस्तुत किया जाए ताकि उसमें नया पता जोड़ा जा सके । ऐसे कार्यालयों के विलय के संबंध में कार्यालय के विलय होने के तुरन्त बाद लाइसेंस भारतीय रिज़र्व बैंक के ग्राआऋवि के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को निरसन के लिए सौंप देना चाहिए तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को इसकी सूचना देना चाहिए ।

2.4 <u>प्राधिकारों और लाइसेंसों की वैधता</u>

वर्तमान में, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को शाखाएँ खोलने के लिए प्राधिकार देने का कार्य उनसे प्राप्त अनुरोध पर (नाबार्ड के माध्यम से) प्रत्येक मामले के गुणदोषों के आधार पर किया जाता है । इन प्राधिकारों का उपयोग शीघ्रता से किया जाना सुनिश्चित करने तथा शाखा की वास्तविक रुप से

स्थापना करने के उद्देश्य से यह निर्णय किया गया है कि प्राधिकार की वैधता की अधिकतम सीमा दो वर्ष रखी जाए ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआक्रवि) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से कार्यालय / शाखा खोलने से पहले आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करें । ऐसा पाया गया है कि कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाइसेंस तो ले लेते हैं लेकिन पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी शाखा नहीं खोलते हैं और बार-बार लाइसेंस के पुनः वैधीकरण हेतु क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करते हैं । अतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कार्यालय / शाखा खोलने हेतु मूलभूत तैयारी के बाद ही लाइसेंस जारी किए जाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करें ।

साथ ही, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अक्सर उस गली / मार्ग का नाम परिवर्तित होने पर, जहाँ वह शाखा स्थित है, शाखा के नाम में परिवर्तन के लिए अनुमोदन के लिए सम्पर्क करते हैं । चूंकि शाखा के स्थित होने के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, अतः बैंकों को ऐसे मामले में लाइसेंस में सुधार करने के लिए अनुरोध अथवा सम्पर्क करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु वे भारतीय रिज़र्व बैंक (ग्राआक्रवि) के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और डीएसआइएम, मुम्बई को इस परिवर्तन से अवगत करा दें । तालुक / जिले के नाम में परिवर्तन होने अथवा जिलों के पुनर्गठन अथवा नए राज्यों के बनने से भी परिवर्तन हो सकते हैं । ऐसी स्थितियों में भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को संबंधित लाइसेंस क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है, वे सरकार की अधिसूचना के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और डीएसआइएम, मुम्बई को सूचित करते हुए, नए नाम अपना सकते हैं ।

यदि नाम में कोई परिवर्तन इस आशय से किया जाना हो कि उसी स्थान पर एक ही नाम की विभिन्न बैंकों की शाखाओं में होने वाले भ्रम को दूर किया जा सके अथवा किन्हीं अन्य न्यायोचित स्थितियों में नाम में परिवर्तन किया जाना हो तो ऐसे अनुरोध भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाएँ और ऐसे अनुरोध भेजते समय संबंधित लाइसेंस और अग्रेषण पत्र भी साथ भेजे जाएँ ।

2.5 <u>राज्य / केन्द्र सरकार के कारोबार करने हेतु अपेक्षाएँ</u>

यदि कोई शाखा सरकारी कारोबार करना चाहती है तो उसे संबंधित सरकारी प्राधिकरण के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन लेना होगा। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का कारोबार करने के लिए उस क्षेत्राधिकार में आने वाले भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक से तथा केन्द्र सरकार का कारोबार करने के संबंध में सरकारी और बैंक लेखा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई से सम्पर्क करना होगा ।

3. <u>शाखाओं का स्थान बदलना</u>

3.1 <u>ग्रामीण केन्द्रों पर</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण केन्द्रों में शाखाओं का स्थान बदलने का कार्य रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना इस शर्त के अधीन कर सकते हैं कि मौजूदा और प्रस्तावित दोनों केन्द्र उसी खंड (ब्लॉक) के अंदर हों और यह भी कि नये स्थान पर ले जाई गई शाखा उन गांवों की जिन्हें मौजूदा शाखा सेवा प्रदान कर रही थी, बैंकिंग आवश्यकताओं को पर्याप्त रुप से पूरा करगी ।

3.2 <u>अर्ध शहरी केंद्रों पर</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना उसी इलाके (लोकेलिटी) / नगरपालिका वार्ड के अंदर अपनी शाखाओं का स्थान बदल सकते हैं । तथापि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थान बदलने के कारण वह इलाका / वार्ड बैंक सेवारहित न हो जाये ।

3.3 <u>शहरी / महानगरीय केंद्रों पर</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शहरी / महानगरीय केंद्रों पर स्थित अपनी शाखाओं का भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना उसी इलाके (लोकेलिटी)/नगरपालिका वार्ड के अन्दर ही स्थान बदल सकते हैं ।

अर्ध शहरी / शहरी / महानगरीय केन्द्रों में अवस्थिति / म्युनिसिपल वार्ड से बाहर शाखाओं का स्थान बदलने के संबंध में, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग) से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना होगा ।

3.4 <u>प्रक्रियागत सरलीकरण</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ऊपर निर्दिष्ट किए अनुसार (पैरा 3.1 से 3.3 तक) शाखाओं का स्थान परिवर्तन कर सकते हैं लेकिन वे यह सुनिश्चित करें कि लाइसेंस में शाखा का नया पता सम्मिलित करने के लिए लाइसेंस भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) को शीघ्रातिशीघ्र, लेकिन शाखा के स्थान परिवर्तन की तारीख से तीन माह के अंदर, प्रस्तुत किया जाता है ।

4. <u>स्वयंपूर्ण शाखाओं का अनुषंगी / चलते फिरते कार्यालयों में परिवर्तन</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण केन्द्रों में अपनी हानि वाली वर्तमान शाखाओं को अनुषंगी (सैटेलाइट) / चलते-फिरते कार्यालय में परिवर्तित करने की जरुरत पर लागत-लाभ पहलू, विद्यमान ग्राहकें को होनेवाली असुविधाओं, जिला ऋण योजना तैयार करने में कार्यनिष्पादन पर परिवर्तन के प्रभाव तथा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करने जैसी बातों को ध्यान में रखकर स्वयं निर्णय लें। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए अधिकारप्राप्त समिति की सहमति से अपने सेटेलाइट कार्यालयों को परिपूर्ण शाखाओं में परिवर्तित कर सकते हैं और उन्हें रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) से लाइसेंस भी प्राप्त करने होंगे ।

4.1 <u>अनुषंगी (सेटेलाइट) कार्यालय</u>

सेटेलाइट कार्यालय स्थापित करने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए :

(क) आसपास के गांवों में निश्चित परिसरों में सेटेलाइट कार्यालय स्थापित किये जाने चाहिए और उन्हें केन्द्रीय गांव/खंड मुख्यालयों में स्थित आधार शाखा से नियंत्रित और परिचालित किया जाना चाहिए ।

(ख) प्रत्येक सेटेलाइट कार्यालय को सप्ताह में कुछ निर्दिष्ट दिनों में (कम से कम दो बार) निर्दिष्ट घंटों के लिए कार्य करना चाहिए ।

(ग) सेटेलाइट कार्यालय में सभी प्रकार के बैंकिंग लेनदेन किये जाएं ।

(घ) सेटेलाइट कार्यालय के ग्राहकों को आधार शाखा में ऐसे कार्यालयों के गैर-परिचालन दिनों में कारोबार करने की अनुमति दी जाए।

(ङ) यद्यपि प्रत्येक अनुषंगी कार्यालय के लिए अलग लेजर/रजिस्टर/स्क्रोल रखे जा सकते हैं, सेटेलाइट कार्यालय में किये जानेवाले सभी लेनदेन आधार शाखा की खाता बहियों में शामिल किया जाएं।

(च) आधार शाखा से संबध्द स्टाफ, जिसमें अधिमानतः पर्यवेक्षी स्टाफ का एक सदस्य, कैशियर एवं लिपिक तथा एक सशस्त्र गार्ड शामिल हों, सेटेलाइट कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया जायें।

(छ) फर्नीचर, मार्गस्थ नकदी के बीमा आदि की पर्याप्त व्यवस्था हो।

<u>ग्रामीण से इतर केंद्रों में शाखाओं को सेटेलाइट कार्यालयों में परिवर्तन की अनुमति नहीं है</u>

4.2 <u>चलते -फिरते कार्यालय</u>

चलते-फिरते कार्यालयों की योजना की परिकल्पना में पूर्णतः संरक्षित वैन के माध्यम से बैंकेंग सुविधाएं प्रदान करना है, जिसमें बैंक के दो या तीन अधिकारियों के बैठने तथा उनके साथ बहियों, नकदी वाली सेफ आदि की व्यवस्था हो । चलता-फिरता यूनिट सेवा के लिए प्रस्तावित स्थानों पर कतिपय निर्दिष्ट दिनों / घंटों के लिए जायेगा । चलता-फिरता कार्यालय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की किसी शाखा के साथ संबध्द होगा । यह चलता-फिरता कार्यालय को उन ग्रामीण स्थानों में **नहीं** जाएगा जिनमें सहकारी बैंक सेवा प्रदान कर रहे हैं और जिन स्थानों में वाणिज्य बैंक कार्यालयों की नियमित सेवाएं उपलब्ध हैं ।

5. <u>घाटे में चल रही शाखाओं का विलयन</u>

जहां किसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की घाटे में चल रही दो शाखाएं एक-दूसरे के निकट (लगभग 5 कि.मी. के अंदर) हों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थानिक अंतर के औचित्य और आस्थापना /परिचालनगत लागत को कम करने के उद्देश्य से ऐसी दो शाखाओं के विलय पर विचार कर सकते हैं।

6. <u>विस्तार काउंटर खोलना</u>

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने निदेशक मंडल के अनुमोदन से उन संस्थाओं के परिसर में विस्तार काउंटर खोल सकते हैं जिनके वे प्रधान बैंकर हैं, परन्तु इस प्रयोजन के लिए उन्हें पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआऋवि) से लाइसेंस प्राप्त करना होगा । विस्तार काउंटर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मुख्य कार्यालयों और बड़े कार्यालयों/फैक्ट्रियों, अस्पतालों, सैन्य यूनिटों, शैक्षणिक संस्थाओं, आवासीय इलाकों, शॉपिंग कॉप्लेक्सों आदि के परिसरों में खोला जा सकता है, जहां ऐसे स्टाफ / कामगारों, विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो जिन्हें कार्य समय एकसमान होने और बैंकिंग सुविधाएं निकट उपलब्ध न होने के कारण अपने बैंकिंग लेनदेन करना कठिन हो रहा हो। ऊपर बताई गई बातों के अलावा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त का लेने के बाद पूजा स्थलों, बाजार की जगहों पर भी विस्तार काउंटर खोल सकते हैं। ऐसे मामलों में प्रधान बैंकर होने की शर्त लागू नहीं होगी।

विस्तार काउंटरों को सीमित स्वरुप के बैंकिंग कारोबार करने चाहिए, जैसे

- जमा / आहरण लेन-देन
- ड्राफ्ट जारी करना और भुनाना तथा डाक अंतरण
- यात्री चेक जारी करना और भुनाना
- गिफ्ट चेकों की बिक्री
- बिलों की उगाही
- अपने ग्राहकों की सावधि जमाराशियों पर अग्रिम (जो विस्तार काउंटर के संबंधित अधिकारी को प्राप्त मंजूरी देने की शक्ति के भीतर हो)
- सुरक्षा जमा लॉकर सुविधा (बशर्ते पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गयी हों)

साथ ही, यदि विस्तार काउंटर सरकारी कारोबार करना चाहता हो तो इसके लिए ऊपर पैरा 2.5 में निर्धारितानुसार संबंधित सरकारी प्राधिकारी तथा भारतीय रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को विस्तार काउंटर खोलने से पहले लाइसेंस के लिए आवेदन करते समय अनुबंध II में दिये गये फार्मेट के भाग I और II में प्रस्तावित विस्तार काउंटरों का ब्योरा भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग) को प्रस्तुत करना चाहिए ।

7. <u>विस्तार काउंटरों को स्वयं पूर्ण शाखाओं के रूप में उन्नत करना</u>

7.1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को विस्तार काउंटर का स्वयं पूर्ण शाखा के रुप में दर्जा बढ़ाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआक्रृवि) का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें।प्रस्ताव पर विचार निम्नलिखित शर्तें पूरी होने पर किया जाता है :

- विस्तार काउंटर कम से कम पांच वर्ष से कार्य कर रहा हो ।
- पिछले एक वर्ष के दौरान जमा खातों की संख्या 2000 से ऊपर गयी हो ।
- पिछले तीन वर्षों की औसत जमाराशि (अर्थात् मासिक आधार पर) 2 करोड़ रुपये से कम न हो ।

7.2 जिन प्रस्तावों में उपर्युक्त शर्तों में से कोई शर्त पूर्णतः पूरी नहीं की गयी हो, परन्तु वह संबंधित विस्तार काउंटर शाखा के रुप में अन्यथा परिवर्तन योग्य हो गयी हो, तो ऐसे मामलों के संबंध में प्रत्येक मामले के गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जायेगा ।

8. <u>स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम)</u>

8.1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनकी शाखाओं तथा विस्तार काउंटरों, जिसके लिए उनके पास भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी लाइसेंस हैं, पर एटीएम लगाने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। तथापि, जब भी किसी शाखा या विस्तार काउंटर पर एटीएम लगाया जाता है तब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआक्रृवि) तथा सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को रिपोर्ट करना चाहिए ।

8.2 यदि कोई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने परिचालन क्षेत्र में ऑफ साइट एटीएम स्थापित करना चाहता हो तो वह उसकी लागत और लाभ का मूल्यांकन करके ऐसा कर सकता है । भारतीय रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है लेकिन ऐसे एटीएम खोले जाने पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (ग्राआक्रृवि) को तुरंत सूचित करना चाहिए ताकि कारोबार स्थान हेतु औपचारिक प्राधिकार प्राप्त किया जा सके ।

9. <u>अत्यंत लघु शाखाएं</u>

आधार शाखा और बीसी के स्थान के बीच एक मध्यस्थ इमारत संरचना (अत्यंत लघु शाखा) स्थापित की जाए ताकि 3 - 4 किलोमीटर की दूरी पर 8 - 10 बीसी यूनिटों को समर्थन प्रदान किया जा सके। ये या तो नए अथवा बीसी आउटलेटों को परिवर्तित कर स्थापित किये जाएं। ऐसी अत्यंत लघु शाखाओं में न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं जैसे पास बुक प्रिंटर के साथ सहबद्ध एक कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) टर्मिनल तथा बड़े ग्राहक लेनदेनों का परिचालन करने के लिए नकदी धारित करने हेतु एक तिजोरी और इनका प्रबंधन बैंक अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा पूरे समय के लिए किया जाना होगा। आशा की जाती है कि इस प्रकार की व्यवस्था से नकदी प्रबंधन, प्रलेखीकरण, ग्राहकों की शिकायतों के निवारण एवं बीसी परिचालकों पर बारिकी से पर्यवेक्षण में दक्षता आ जाएगी। ये यथास्थिति सैटेलाइट कार्यालय या नियमित शाखाएं हो सकते हैं और आवश्यकतानुसार इन्हें लाइसेंस जारी किए जाएं जो शाखा लाइसेंसीकरण नीति के अनुसरण में स्थिति पर निर्भर होंगे।

10. केंद्रों का वर्गीकरण / पुनःवर्गीकरण

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह सूचित किया जाता है कि वे जिन केन्द्रों के जनसंख्या समूह वर्गीकरण के बारे में आश्वस्त नहीं हैं उनके बारे में नयी शाखाएं खोलने के लिए ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग से संपर्क करने से पहले, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग, सी-8/9, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400 051 से उक्त वर्गीकरण को सुनिश्चित कर लें । केंद्रों के पुनः वर्गीकरण के संबंध में कोई प्रश्न हो तो वह भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा परिवर्तन के समर्थन में संबंधित दस्तावेजों, जैसे राजपत्र की अधिसूचना, आदि सहित सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को भेजा जाना चाहिए ।

11. शाखा बैंकिंग के संबंध में विवरणियां प्रस्तुत करना

(i) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए कारोबार का स्थान खोलने के तुरंत बाद, उसके खोलने की तारीख और कार्यालय / शाखा का ठीक पता, केन्द्रीय कार्यालय तथा ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करना आवश्यक है।

(ii) बैंककारी विनियमन (कंपनी) नियमावली, 1949 के नियम 13 के अनुसार बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के एक महीने के भीतर फार्म VII में भारत में अपने कार्यालयों से संबंधित सूची भारतीय रिज़र्व बैंक के उस राज्य में स्थित कार्यालय को प्रस्तुत करें जहां उनका प्रधान कार्यालय स्थित है।

(iii) साथ ही, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दिनांक 6 जुलाई 2005 के परिपत्र ग्राआऋवि. केका. आरआरबी.बीसी. 10/03.05.90ए/2005-06 (भारिबैं/2005-06/46) में सूचित किए अनुसार अनुबंध III में दिये गये प्रोफार्मा में तिमाही के दौरान खोले गये नये कार्यालयों / शाखाओं तथा वर्तमान कार्यालयों / शाखाओं के विलय आदि के कारण स्थिति में हुए परिवर्तन से संबंधित विवरणियां सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (बैंकिंग सांख्यिकी प्रभाग) तथा ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उस तिमाही की समाप्ति के 14 दिन के भीतर जिससे वह संबंधित है, प्रस्तुत करनी चाहिए । तिमाही के दौरान किसी कार्यालय/ शाखा / एनएआइओ (विस्तार काउन्टरों, अनुषंगी कार्यालयों, एटीएम इत्यादि) खोले जाने / बन्द करने अथवा स्थिति में परिवर्तन होने के संबध में कुछ भी रिपोर्ट करने के लिए न होने पर सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग और ग्रामीण आयोजना और ऋण विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को "कुछ नहीं" विवरणी भेजी जाए ।

****

अनुबंध - I

(पैराग्राफ - 1.1)

बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949 की धारा 23 के अंतर्गत कारोबार का नया स्थान खोलने अथवा कारोबार के वर्तमान स्थान को बदलने (उसी शहर, कस्बे या गाँव को छोड़कर अन्य स्थान पर) की अनुमति के लिए आवेदन पत्र - बैंककारी विनियमन (कंपनी) नियमावली, 1949, नियम 12 फार्म VI

1. बैंकिंग कंपनी का नाम :

2. प्रस्तावित कार्यालय :
   (निम्नलिखित जानकारी दें)

   (क) शहर / कस्बे / गांव का नाम :
   (यदि स्थान के एक से अधिक नाम हों, तो संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की जानी चाहिए)

   (ख) मुहल्ले / स्थान का नाम :

   (ग) (i) खंड (ब्लॉक), (ii) तहसील (i) (ii)
   (iii) जिला (iv) राज्य का नाम (iii) (iv)

   (घ) (i) गांव , (ii) विकास खंड (ब्लॉक) की आबादी
   (i) (ii)

   (ड़) प्रस्तावित कार्यालय का स्तर (स्टेटस)

   (च) प्रस्तावित कार्यालय तथा वाणिज्य बैंक के निकटतम वर्तमान कार्यालय के बीच की दूरी, बैंक एवं केन्द्र/ मुहल्ले के नाम सहित :

   (छ) 5 कि.मी. के घेरे में कार्यरत वाणिज्य बैंकों के नाम और उनके कार्यालयों की संख्या, उन केन्द्रों के नाम के साथ जिनमें वे कार्यरत हों :

   (ज) विकास खंड (ब्लॉक) में बैंक की शाखाओं की सं. :
   अन्य बैंकों की शाखाएं :

3. पिछला आवेदन :
(यदि प्रस्तावित कारोबारी स्थान के संबंध में रिज़र्व बैंक को पहले कोई आवेदन प्रस्तुत किया गया हो तो उसका ब्योरा दें)

4. प्रस्तावित कार्यालय खोलने के लिए कारण : :
(प्रस्तावित कार्यालय के लिए ब्यौरेवार कारण बतायें तथा निम्नानुसार सांख्यिकी एवं अन्य आंकड़े प्रस्तुत करें, जिनका संकलन प्रस्तावित कार्यालय के लिए किया गया हो)

(i) स्थान की जनसंख्या :

(ii) प्रस्तावित कार्यालय के कमांड क्षेत्र (अर्थात् परिचालन के क्षेत्र) के विवरण :

(क) कमांड क्षेत्र की अनुमानित त्रिज्या (रेडियस) :

(ख) कमांड क्षेत्र में गांवों की संख्या :

(ग) कमांड क्षेत्र की आबादी :

(iii) निम्नलिखित प्रारुप में प्रस्तावित कार्यालय के परिचालन क्षेत्र में कृषि, खनिज और औद्योगिक उत्पादन की तथा आयात और निर्यात की मात्रा और मूल्य :

वस्तु का नाम	**उत्पादन**		**आयात**		**निर्यात**	
	मात्रा	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

(iv) यदि कृषि, खनिज अथवा औद्योगिक विकास के लिए योजनाएं हों तो उनका ब्यौरा दें तथा वर्तमान उत्पादन, आयात और निर्यात की मात्रा और मूल्य पर उनके संभावित प्रभाव का उल्लेख करें

(v) यदि वर्तमान बैंकिंग सुविधाएं अपर्याप्त समझी जायें, तो उसके कारण बतायें

(vi) संभावनाएं : प्रस्तावित कार्यालय में 12 महीने के भीतर बैंकिंग कंपनी द्वारा किये जानेवाले न्यूनतम कारोबार की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार दर्शायें

(क) जमाराशियां : रु.

(ख) अग्रिम : रु.

5. वर्तमान कार्यालय की स्थिति में परिवर्तन (उस कार्यालय की सही स्थिति बतायें, जिसे बंद करने का प्रस्ताव है तथा मद 2, 3 और 4 के अनुसार नये स्थान का ब्यौरा देते हुए उस स्थान की सही स्थिति बतायें जहाँ इस कार्यालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है)

6. व्यय :

(प्रस्तावित कार्यालय के संबंध में स्टाफ, परिसर, फर्नीचर, स्टेशनरी, विज्ञापन आदि पर पहले किये जा चुके अथवा प्रस्तावित व्यय की मात्रा । साथ ही, यह भी उल्लेख करें कि 12 महीनों में प्रस्तावित कार्यालय में बैंकिंग कंपनी को न्यूनतम कितनी आय होने की आशा है)

* अनुमानित वार्षिक व्यय

क) स्थापना प्रभार रु.

ख) स्टेशनरी और विविध रु.

ग) किराया और भवन रु.

घ) जमाराशियों पर अदा की जाने वाली ब्याज रु.

ड.) प्रधान कार्यालय से उधार ली गयी रु. .....की निधि पर @.....%से ब्याज रु.

कुल अनुमानित वार्षिक आय

क) अग्रिमों पर ब्याज रु.

ख) कमीशन रु.

ग) विनिमय रु.

घ) प्रधान कार्यालय को उधार दी गयी निधि पर ब्याज रु.

कुल : रु.

अनुमानित लाभ रु.

7. अन्य विवरण :

(कोई अन्य अतिरिक्त तथ्य, जिसे बैंकिंग कंपनी अपने आवेदन के समर्थन में बताना चाहे)

* जो भाग लागू न हो उसे काट दें । यह जानकारी उन्हीं केन्द्रों के आवेदन के मामले में प्रस्तुत की जानी है जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम हो ।

अनुबंध - II

(पैराग्राफ 6)

विस्तार काउंटर के लिए अनुरोध के संबंध में
बैंक द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले विवरण

भाग - I

1. बैंक का नाम :

2. जिस संस्था में विस्तार काउंटर खोला जाना है उसका नाम और डाक का पूरा पता :

3. बैंक के मूल कार्यालय का नाम और पता, जिसके साथ विस्तार काउंटर को संबध्द किया जाना है :

4. i) मूल कार्यालय एवं प्रस्तावित विस्तार काउंटर के बीच की दूरी

   ii) प्रस्तावित विस्तार काउंटर और आवेदक बैंक के निकटतम कार्यालय (विस्तार काउंटर, चल (मोबाइल) कार्यालय सैटेलाइट कार्यालय आदि सहित) के बीच की दूरी

   iii) प्रस्तावित विस्तार काउंटर और अन्य बैंकों *(शहरी सहकारी बैंकों सहित) के निकटतम कार्यालयों /विस्तार काउंटरों, चल कार्यालयों आदि के बीच की दूरी

	बैंक का नाम	**कार्यालय का प्रकार**	**दूरी**
विस्तार काउंटर के लिए	i)		
आवेदन करने वाले	ii)		
उक्त बैंक से इतर बैंक	iii)		

   iv) परिसरों में कार्यरत कर्मचारी को ऑप क्रेडिट सोसाइटी, यदि कोई हो, के विवरण

5. i) जिस संस्था में विस्तार काउंटर स्थापित किया जाना है उसके **प्रधान बैंकर** का नाम

ii) क्या संस्था ने विस्तार काउंटर के लिए स्थान देने हेतु सहमति दे दी है ?

iii) क्या संस्था को अपने स्टाफ / कर्मचारियों / कामगारों से इतर जनता को विस्तार काउंटर के कैम्पस / परिसर के भीतर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त करने की अनुमति देने में कोई आपत्ति है ? यदि हो, तो उसके कारण

(ए) उक्त बातों के समर्थन में आवेदन के भाग II में दिये गये निर्धारित प्रोफार्मा में संस्था के सक्षम प्राधिकारी से एक पत्र उक्त बातों के समर्थन में संलग्न किया जाना चाहिए ।

6. (i) 5(i) में दी गयी संस्था के प्रधान बैंकर से इतर बैंकर / बैंकरों का / के नाम

(ii) उक्त प्रत्येक बैंकर / बैंकरों के पास संस्था के खातों की संख्या और उनकी जमाराशियों की मात्रा

7. (i) संस्था के साथ विशिष्ट तौर पर संबध्द जिस ग्राहक वर्ग की बैंकिंग आवश्यकताएं पूरी की जानी हैं उसकी संख्या और उसके प्रकार
(कृपया अलग-अलग आंकड़े दें)

स्टाफ / कामगार / छात्र / अध्यापक / अन्य (नाम दें) जोड़

(ii) अन्य सामान्य जनता आदि की अनुमानित संख्या, जिनकी जरुरतें पूरी की जाती हैं ।

8.(क) परिचालन के दो वर्षों में काउंटर पर निम्नलिखित से प्रत्याशित जमाराशियों की मात्रा :

	पहला वर्ष		**दूसरा वर्ष**	
	खातों की संख्या	**राशि**	**खातों की संख्या**	**राशि**
(i) संस्था के स्टाफ /कामगारों / छात्रों अध्यापकों * से				
(ii) संस्था से				

(iii) सामान्य जनता से

(ख) नकद लेनदेनों की दैनिक मात्रा	**संख्या**	**राशि**
9. विस्तार काउंटर खोलने के कारण		
10. प्रस्तावित विस्तार काउंटर में किये जाने वाले लेनदेनों का स्वरुप		
11. बैंक द्वारा देय किराया (प्रासंगिक व्यय को छोड़कर), यदि कोई हो, की राशि, किराये की दर और विस्तार काउंटर बनाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र		
12. क्षेत्र में प्रचलित अथवा राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित वाणिज्यिक किराये की दर		
13. 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रस्ताव की अर्थक्षमता / आर्थिक पहलुओं के संक्षिप्त परिकलन		

दिनांक : **(हस्ताक्षर और आवेदक बैंक की मोहर)**

जिस संस्था के परिसर में विस्तार काउंटर खोलने का प्रस्ताव है, उसके सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानेवाली घोषणा

भाग II

1. हमने . . . . .के परिसर में उक्त संस्था @
(संस्था का नाम और पूरा पता)
से संबद्ध निम्नलिखित वर्गों के लाभ के लिए विस्तार काउंटर खोलने के लिए . . . . से अनुरोध किया है ।
(बैंक का नाम)

* कामगार . . . . **कृपया वास्तविक संख्या अलग-अलग दर्शाये**
* स्टाफ / कर्मचारी . . . .
* छात्र . . . .
* अध्यापक . . . .

@ (जहां यह पत्र जारी करने वाली प्राधिकारी द्वारा एक से अधिक ऐसी संस्थाओं का प्रबंधन किया जा रहा हो, जिन्हें विस्तार काउंटर का लाभ मिलने वाला हो, उन संस्थाओं के नाम/ विस्तार काउंटर के लिए प्रस्तावित स्थान से उनकी दूरी, प्रत्येक संस्था के साथ अलग-अलग संबध्द छात्रों / स्टाफ की संख्या आदि, उनके बैंकरों के नाम और दूरी भी अलग-अलग दर्शायी जानी चाहिए)

* (जो लागू न हो उसे काट दें)

2. (क) . . . . हमारे प्रधान बैंकर हैं ।

(बैंक का नाम और स्थान)

हम निम्नलिखित बैंकरों (बैंकरों के नाम और संस्था से उनकी दूरी बतायें) के साथ भी लेनदेन करते हैं :

1. . . . .
2. . . . .
3. . . . .

(ख) . . . . . (कृपया अद्यतन स्थिति बतायें) को प्रधान बैंकर और अन्य बैंकरों के पास हमारे खातों का ब्यौरा ।

बैंक का नाम	खाते (खातों) का प्रकार	राशि
1.		
2.		
3.		

3. हम अपनी संस्था के परिसर में विस्तार काउंटर खोलने के लिए आवश्यक स्थान प्रदान करने का वचन देते हैं (उक्त क्रम सं. 1 में उल्लिखित)
4. हमें बाहरी व्यक्तियों को विस्तार काउंटर का उपयोग करने की अनुमति देने पर कोई आपत्ति नहीं है ।
5. यदि प्रधान बैंकर से इतर बैंक को विस्तार काउंटर की अनुमति देने का प्रस्ताव हो तो उसके कारण ।
6. क्या इस प्रयोजन के लिए इसी तरह का पत्र किसी अन्य बैंकर को जारी किया गया है ।

(संस्था की ओर से सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर,
पदनाम का उल्लेख करते हुए और मोहर, यदि कोई हो)

आवेदक बैंक द्वारा भरा जाये

हमने पैरा 1 में संस्था द्वारा प्रस्तुत सूचना का सत्यापन कर लिया है और उसे सही पाया गया है ।

(हस्ताक्षर और आवेदक बैंक की मोहर)

आवेदक बैंक द्वारा ई.सी. के लिए अपने आवेदन पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक को निर्धारित प्रोफार्मा में यह प्रमाणपत्र मूल रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

अनुबंध III

(पैरा - 11)

प्रोफार्मा - I

खोली गयी नयी शाखा /कार्यालय/ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है (एनएआईओ) का विवरण :

(कृपया प्रोफार्मा I तथा II भरने से पूर्व अनुदेश पढ़ें)

मदें

1. (क) वाणिज्य बैंक /अन्य वित्तीय संस्था / सहकारी संस्था का
नाम : .....

(ख) निम्नलिखित के लिए प्रोफार्मा :

बैंक की शाखा / कार्यालय ( )
ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है (एनएआईओ) ( )
अन्य वित्तीय संस्था की शाखा / कार्यालय ( )
(उचित खाने में सही (4) का निशान लगाएं)

(ग) एकसमान कूट : भाग I (7/9 अंक) : | | | | | | | | | |

(अनुदेश **I, II, III** देखें; **स्पष्टीकरण भी देखें**) (**एनएआईओ** के लिए)

भाग -II (7 अंक) : | | | | | | | |

(भारतीय रिज़र्व बैंक आबंटित करेगा)

(अनुदेश **I,II,III** देखें; **स्पष्टीकरण भी देखें**)

2. (क) नयी शाखा /कार्यालय /**जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय का नाम :** .....

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक संदर्भ संख्या .....
तथा प्राधिकरण की तारीख : | | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

(ग) लाइसेन्स संख्या : .....
(भारिबैं से प्राप्त संख्या)

(घ) लाइसेन्स की तारीख : | | | | | | | | |
(स्पष्टीकरण देखें) दिन माह वर्ष

(ङ) क्या यह लाइसेन्स के पुनर्वैधीकरण का मामला है :

हां ( ) नहीं ( )

यदि हां, तो पुनर्वैधीकरण की तारीख दें (स्पष्टीकरण देखें) :

| | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

3. नयी शाखा /कार्यालय /**ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है,** को खोलने की तारीख : | | | | | | | | |
दिन माह वर्ष

4. डाक पता :

4.1 भवन का नाम /नगरपालिका संख्या (यदि कोई हो) : .....

4.2 सड़क का नाम (यदि कोई हो) .....

4.3 (क) डाक घर का नाम : .....

(ख) पिन कोड : | | | | | | |

4.4 केंद्र में इलाके का
नाम (राजस्व इकाई) : .....
(स्पष्टीकरण देखें)

4.5 तहसील /तालुका /उप-मंडल का नाम : .....

4.6 टेलीफोन नं./टेलेक्स नं. (एसटीडी कोड सहित) : .....

4.7 फैक्स नं. : .....

4.8 **ई-मेल पता** : .....

5. (क) केंद्र का नाम (राजस्व गांव /शहर /नगर /नगरपालिका /नगरपालिका निगम) जिसकी सीमाओं के भीतर शाखा / कार्यालय स्थित है :

(यह अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है : स्पष्टीकरण देखें)

(ख) सामुदायिक विकास खंड / विकास खंड /तहसील /तालुका /
उप-मंडल / मंडल / पुलिस थाने का नाम : ----------

(ग) ज़िले का नाम : .....

(घ) राज्य का नाम : .....

(ङ) नवीनतम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार केंद्र
(राजस्व इकाई) की जनसंख्या : .....
(स्पष्टीकरण देखें)

6. **क्या आपके केंद्र में** अपनी शाखा / कार्यालय / जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय के अलावा कोई अन्य प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र बैंक शाखा (शाखाएं) / कार्यालय है / हैं : हां : ( ) नहीं : ( )
(स्पष्टीकरण देखें तथा उचित खाने में सही (√) का निशान लगाएं)

7. (क) नयी शाखा /कार्यालय /जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय की व्यावसायिक स्थिति (स्पष्टीकरण देखें):

कूट | | | स्थिति **नाम** : .....

(ख) जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ऐसे कार्यालय के मामले में निम्नलिखित ब्योरे दें (स्पष्टीकरण देखें) :

(i) आधार शाखा /कार्यालय का नाम :

(ii) आधार शाखा / कार्यालय की एकसमान कूट संख्या

भाग -I (7 अंक) : | | | | | | | |

भाग -II (7 अंक) : | | | | | | | |

8. (i) (क) केंद्र सरकार के कारोबार की स्थिति :

(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

केंद्र सरकार के कारोबार का प्रकार

(1) ( ) सरकारी कारोबार नहीं है

(2) ( ) प्रत्यक्ष कर

(3) ( ) विभागीकृत मंत्रालयों का खाता (डीएमए)

(4) (   ) पेन्शन

(5) (   ) बांड निर्गम

(6) (   ) अन्य (यदि कुछ है तो उल्लेख करें) : ....

(ख) राज्य सरकार के कारोबार की स्थिति (अर्थात् राजकोषीय / उप-राजकोषीय कारोबार) : **(समुचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)**

राजकोषीय /उप-राजकोषीय कारोबार का प्रकार (राज्य सरकार)

(1) (   ) सरकारी कारोबार नहीं है

(2) (   ) राजकोषीय कारोबार

(3) (   ) उप-राजकोषीय कारोबार

(4) (   ) पेन्शन

(5) (   ) बांड निर्गम

(6) (   ) अन्य (यदि कुछ है तो उल्लेख करें) : ....

(ii) क्या इस शाखा /कार्यालय से मुद्रा तिजोरी (करेन्सी चेस्ट) संबद्ध है : हां (   ) नहीं (   )

(अ) यदि `हां' तो निम्नलिखित जानकारी दें :

(क) करेन्सी चेस्ट का प्रकार : क (   ) ख (   ) ग (   )

(उचित खाने में सही (4) निशान लगाएं ।

(ख)करेन्सी चेस्ट की स्थापना की तारीख : [|] [|] [| | |]

दिन माह वर्ष

(ग) करेन्सी चेस्ट कूट संख्या : [| | | | | | |]

(मुद्रा प्रबंध विभाग द्वारा आबंटित 8 अंकीय कूट संख्या यहां लिखें)

(घ) जहां करेन्सी चेस्ट स्थित है उस क्षेत्र के प्रकार का उल्लेख करें :

("क्षेत्र का प्रकार" कूट का उल्लेख करें; स्पष्टीकरण देखें)

कूट [   ] क्षेत्र का प्रकार : ---------------------------

(आ) यदि `नहीं' तो, करेन्सी चेस्ट सुविधा वाली निकटतम शाखा /कार्यालय का विवरण दें :

(क) बैंक का नाम : ....

(ख) शाखा का नाम : ....

(ग) एकसमान कूट संख्या का भाग - I : [| | | | | |]

(घ) दूरी (कि.मी. में) : ....

(ङ) केंद्र का नाम : ....

(iii) क्या इस शाखा /कार्यालय से कोई आधान (रिपोजिटरी) संबद्ध है ? हां (   ) नहीं (   )

(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

(iv) क्या इस शाखा /कार्यालय से छोटे सिक्कों का डिपो संबद्ध है ? हां (   ) नहीं (   )

(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

(v) **क्या करेन्सी चेस्ट /रिपोजिटरी /छोटे सिक्कों का डिपो सुविधा वाली शाखा से कोई ऐसा कार्यालय संबद्ध है जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है ?**

(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं) हां (   ) नहीं (   )

9. शाखा /कार्यालय / ऐसा कार्यालय जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं है द्वारा संचालित कारोबार का स्वरूप :
(उचित खाने /खानों में सही (√) निशान लगाएं)

नाम

(1) ( ) बैंकिंग कारोबार
(2) ( ) मर्चंट बैंकिंग कारोबार
(3) ( ) विदेशी मुद्रा
(4) ( ) स्वर्ण जमा
(5) ( ) बीमा
(6) ( ) प्रशासनिक /नियंत्रक कार्यालय
(7) ( ) प्रशिक्षण केंद्र
(8) ( ) अन्य (यदि कोई है तो कृपया उल्लेख करें) : ....

10. (क) शाखा / कार्यालय की
प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी : ए ( ) बी ( ) सी ( )
(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

(ख) प्राधिकार देने की तारीख : [ ][ ] [ ][ ] [ ][ ][ ][ ]
दिन माह वर्ष

(ग) `सी' श्रेणी के कार्यालय के मामले में, उस `ए' अथवा `बी' श्रेणी की शाखा / कार्यालय का नाम तथा एकसमान कूट संख्याएं लिखें जिसके माध्यम से उसके विदेशी मुद्रा लेनदेनों का निपटान होता है :

(i) शाखा /कार्यालय का नाम : ....

(ii) शाखा / कार्यालय की एकसमान कूट संख्याएं :

: भाग - I [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ] (7 अंक) : भाग - II [ ][ ][ ][ ][ ][ ][ ] (7 अंक)

11. शाखा /कार्यालय की प्रौद्योगिकी सुविधा :
(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

प्रौद्योगिकी सुविधा

(1) ( ) अब तक कंप्यूटरीकृत नहीं है
(2) ( ) अंशतः कंप्यूटरीकृत
(3) ( ) पूर्णतः कंप्यूटरीकृत

12. शाखा /कार्यालय / जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं हैं ऐसे कार्यालय में उपलब्ध संचार सुविधा :
(उचित खाने में सही (√) निशान लगाएं)

संचार सुविधा

(1) ( ) कोई नेटवर्क नहीं है
(2) ( ) इन्फीनेट
(3) ( ) इंटरनेट
(4) ( ) इंट्रानेट
(5) ( ) अन्य (कोई है तो कृपया उल्लेख करें) -------------------

13. शाखा / कार्यालय /जो प्रशासनिक रूप से स्वतंत्र नहीं हैं ऐसे कार्यालय के लिए मैग्नेटिक इंक कोड रीडर (माइकर कूट) संख्या : ....

14. कोई अन्य विवरण (कृपया उल्लेख करें) : ....

15. केवल भारतीय रिज़र्व बैंक के उपयोग के लिए :

(क) एडी क्षेत्र कार्यालय कूट :

(ख) जनगणना वर्गीकरण कूट :

(ग) पूर्ण डाक पता :

<u>प्रोफार्मा - II</u>

वर्तमान शाखा /कार्यालय /प्रशासनिक रूप से अस्वतंत्र कार्यालय की स्थिति में हुए बदलाव/ विलयन/ परिवर्तन/बंद होने आदि का विवरण

(कृपया प्रोफार्मा भरने से पूर्व सभी अनुदेश तथा स्पष्टीकरण पढ़ें । प्रोफार्मा - II में विभिन्न मदों के समक्ष कोष्ठकों में दी गयी स्पष्टीकरण टिप्पणियां संलग्न "प्रोफार्मा - I में मदों के स्पष्टीकरण" के अंतर्गत दर्शाए गए प्रोफार्मा - I की मद संख्याओं से संबंधित हैं)

बैंक /अन्य वित्तीय संस्था /सहकारी संस्था का नाम :-

....

अ. <u>शाखा/कार्यालय/प्रशासनिक रूप से अस्वतंत्र कार्यालय की स्थिति/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी /व्यवसाय के स्वरूप / डाक पते में हुआ परिवर्तन :</u>

